दैनिक भास्कर

# 2500 HIV किट के साथ 3 हजार सिजेरियन गाउन बरामद:औषधि नियंत्रण विभाग को नहीं लगी भनक, पुलिस की छापेमारी में खुली पोल

पटना



पुलिस ने लगभग 72 बोरे में रखा सामान बरामद किया है।

- बिहार में मेडिकल सामान का बड़ा खेल उजागर, अब जांच में जुटी औषधि निरीक्षकों की टीम

बिहार के सरकारी अस्पतालों में सप्लाई होने वाले सामान में बड़ा खेल चल रहा है। बिहार सरकार जिन सामान को अस्पतालों में भेजने की व्यवस्था करती है उसे बाजार में पहुंचाया जा रहा है। इस बड़े खेल की भनक बिहार में स्वास्थ्य सेवा को लेकर बड़े बड़े दावे करने वाले जिम्मेदारों से लेकर औषधि नियंत्रकों को भी नहीं लग रही है। पटना में इस खेल का बड़ा खुलासा पुलिस की छापेमारी में हुआ है।

शराब की सूचना पर एक प्राइवेट हॉस्टल पहुंची पुलिस ने सरकारी सामान के प्राइवेट सप्लाई का खुलासा किया है। अब औषधि नियंत्रक विभाग भी जांच में जुट गया है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

### बड़ा सवाल, बाहर कैसे पहुंचा सामान

पटना के औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रविवार रात पुलिस सूचना मिली कि पीर बहोर थाना क्षेत्र के बीएम दास रोड पर स्थित मुस्लिम हाई स्कूल के पास स्थित एक ब्वॉज हॉस्टल में सरकारी अस्पतालों में सप्लाई होने वाले सामान मिले हैं। पुलिस का कहना है कि वह शराब की सूचना पर वहां छापेमारी करने गई थी और वहां से भारी मात्रा में सरकारी मेडिकल सामान बरामद हुए हैं।

औषधि विभाग का कहना है कि बरामद सामान को पुलिस जब्त कर ली है। इस पर बिहार सरकार का मुहर है और यह सामान बिहार के सरकारी अस्पतालों में सप्लाई के लिए आते हैं। इस पर नाट फॉर सेल भी लिखा हुआ है। इसके बाद यह सामान बाहर कैसे पहुंच गया इसकी जांच की जा रही है।

### सिस्टम में खामी से सरकारी सामान का यह हाल

सहायक औषधि नियंत्रक का कहना है कि बरामद सामान में 3000 सर्जिकल गाउन है, जिसे पहनकर डॉक्टर ऑपरेशन करते हैं और लगभग 25 सौ HIV की किट है। दोनों ही सरकारी सप्लाई के सामान हैं। अब जांच की जा रही है कि यह सामान प्राइवेट हॉस्टल में कैसे पहुंच गए हैं। पटना मेडिकल कॉलेज से लेकर अन्य सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच पड़ताल कराई जा रही है। इस घटना से यह बात साफ है कि सरकारी सिस्टम पूरी तरह से फेल है।

### 50 लाख का बताया जा रहा है सामान

बताया जा रहा है कि बरामद सामान की कीमत लगभग 50 लाख है। पीरबहोर थाना और ड्रग विभाग इस मामले की जांच में जुटा है। सामान बीएम दास रोड में कैसे पहुंच गई, इसकी पड़ताल चल रही है। पुलिस ने लगभग 72 बोरा में रखे सामान को बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि संबंधित ठिकाने पर शराब पार्टी चल रही है। सूचना के बाद पुलिस पहुंची तो सरकारी सामानों की खेप देख दंग रह गई। ड्रग विभाग ने दवाइयों को सील कर दिया है। पुलिस ने संबंधित हॉस्टल के मालिक को भी शराब के नशे में गिरफ्तार किया है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/bihar/patna/news/bihar-news-3-thousand-caesarean-gowns-recovered-with-2500-hiv-kits-129119535.html

दैनिक भास्कर